दिनांकः 28.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही 13 सीटों टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है, जहां दूसरे चरण के साथ ही उपचुनाव होगा। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस बीच, पहले चरण के चुनाव के लिए राज्य की 12 लोकसभा सीटों पर दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की आज जांच की जा रही है। 30 मार्च तक नाम वापिस लिये जा सकेंगे। मतदान 19 अप्रैल को होगा। मतगणना 4 जून को होगी।
इस बीच, चुनावी खर्च पर निगरानी के लिए निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक लोकसभा क्षेत्रों में पहुंच गये हैं। वहीं पहले चरण के नामांकन दाखिल होने के साथ ही प्रत्याशी चुनाव प्रचार में तेजी ला रहे हैं और अपने–अपने पक्ष में वोट डालने के लिए लोगों से अपील कर रहे हैं। गली–मोहल्लों में चुनावी नुक्कड़ सभाओं का आगाज हो गया है और डोर–टू–डोर जनसम्पर्क भी किया जा रहा है।

....

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में स्वीप गतिविधियों का सिलसिला जारी है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज झालावाड़ में महिला वॉकेथॉन आयोजित की गयी। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूली छात्राओं तथा विभिन्न वर्ग की महिलाओं ने हिस्सा लिया। रैली के दौरान मतदान शपथ भी दिलवाई गयी।
उधर, हनुमानगढ के टिब्बी कस्बे में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से मतदान जागरुकता रैली निकाली गयी। इसके माध्यम से आमजन को शत–प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। वहीं टोंक के मालपुरा में पशु पालन विभाग की ओर से कृषक चौपाल का आयोजन कर पशुपालकों को मतदान के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

....

सैन्य कमांडरों का सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। सम्मेलन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से हो रहा है। इस सम्मेलन में भारतीय सेना के प्रमुख मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय आज सैन्य कमांडरों के साथ वर्चुअल संवाद करेंगे। इस दौरान सेना के सामने आने वाली चुनौतियों और सैन्य हित के मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा होगी। सम्मेलन का समापन दो अप्रैल को होगा।

....

प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर की ओर से ली जाने वाली आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो रही है। ये परीक्षाएं चार अप्रैल तक चलेंगी। इसमें साढे बारह लाख से ज्यादा विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसके लिए प्रदेशभर में 9 हजार 601 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। मूक बधिर विद्यार्थियों को पचास मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

....

देशभर के सभी विश्वविद्यालय शिक्षा सत्र 2024–25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अलग–अलग प्रवेश परीक्षाओं की बजाए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–एनईटी स्कोर का उपयोग करेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पीएचडी में प्रवेश के लिए विभिन्न शिक्षा संस्थानों की ओर से प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर नेट स्कोर का उपयोग किया जा सकेगा।

....

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने इस वर्ष संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन्स के दूसरे सत्र के आवेदकों के लिए परीक्षा शहर के आवंटन के लिए अग्रिम सूचना पर्ची जारी की है। जेईई मेन्स का दूसरा सत्र

4 से 12 अप्रैल तक होगा। ये परीक्षा देश में तीन सौ से अधिक केन्द्रों और विदेश के बाइस शहरों में आयोजित होगी।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान रहे। अधिकांश स्थानों पर तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखी गयी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में आज भी तेज गर्मी रहने के आसार हैं। अगले दो दिनों में जोधुपर और बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर तेज हवाएं भी चल सकती हैं। वहीं कहीं–कहीं बूंदाबांदी और हल्की बारिश की भी संभावना है।

....